# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, दलसिंहसराय, समस्तीपुर

**Email ID:- rwddalsinghsaray@gmail.com**

दिनांक 16/05/2025

पत्रांक 550 दलसिंहसराय/

प्रेषक, कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमडल, दलसिंहसराय

सेवा मे

**Amit SB Engicon (JV)]**
**Vill- Sarangpur, Khalishpur,**
**Tajpur, Distt- Samastipur-848505**

विषय— एकरारनामा करने के संबंध में।

प्रसंग— अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना के पत्रांक –1725 दिनांक – 08.05.2025 एवं इस कार्यालय के पत्रांक –479 दिनांक –28.04.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि इस कार्यालय के पत्रांक –479 दिनांक –28.04.2025 के द्वारा अग्रधन के रूप मे FD/EBG अद्योहस्ताक्षरी के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर जमा करने का निर्देश दिया गया था। विदित हो कि अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना के पत्रांक –1725 दिनांक – 08.05.2025 के द्वारा एकरारनामा करने के लिए EBG या EBG के स्थान पर बिहार राज्य अवस्थित System Generated BG with SFMS (Structured Financial Massaging Services) Number को मान्य करते हुए BG निर्गत करते समय BG के सत्यापन हेतु विभाग के Beneficiary Bank स्टेट बैंक बेली रोड़, शाखा पटना का IFSC CODE- SBIN0006379 एवं अद्योहस्ताक्षरी के ई–मेल आई0डी0–rwddalsinghsaray@gmail.com का अनिबार्य रूप से उपयोग करते हुए अद्योहस्ताक्षरी के पदनाम से प्रतिज्ञित कराकर, सात वर्ष 28 दिन के लिए अग्रधन लेने का निर्देश प्राप्त है।

अतः आपको निर्देश दिया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक – 479 दिनांक–28.04.2025 के द्वारा मॉगी गई वांछित अग्रधन नियमानुसार कार्यालय मे जमा करना सुनिश्चित करेगें। ताकि एकरारनामा की जायेगी।

विश्वासभाजन

16/05/25

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, दलसिंहसराय

16/05

# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, दलसिंहसराय, समस्तीपुर

Email ID:- rwddalsinghsaray@gmail.com

पत्रांक 479 दलसिंहसराय/ दिनांक 28-04-2025

प्रेषक, कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमडल, दलसिंहसराय

सेवा मे

**Amit SB Engicon (JV)l**
**Vill- Sarangpur, Khalishpur,**
**Tajpur, Distt- Samastipur-848505**

विषय— स्वीकृत्यादेश एवं एकरारनामा के संबंध में।

प्रसंग— मुख्य अभियंता—6, ग्रामीण कार्य विभाग, दरभंगा के पत्रांक—654 अनु0 दिनांक—26.04.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में मुख्य अभियंता—6, ग्रामीण कार्य विभाग, दरभंगा के पत्रांक—654 अनु0 दिनांक—26.04.2025 के द्वारा अनुसूचित दर पर राशि 457765193.00 रूपये लागत पर आपके पक्ष में MMGSUY योजनान्तर्गत **MMGSUY -RRSMP/24-25 DALSINGHSARAI/03 (Tender ID-139452, Bid Id-610730)** आवंटित हुआ है। एकरारनामा करने के लिए कार्य की लागत 457765193.00 का 5 प्रतिशत मो0—22888300.00 (दो करोड़ अठाईस लाख अठासी हजार तीन सौ रू0) मात्र (FD & EBG) अद्योहस्ताक्षरी के पदनाम से प्रतिज्ञित कराकर, मूल अभिलेख, मूल शपथ पत्र, जे0भी0 के सभी पार्टनर का चरित्र प्रमाण पत्र, जे0भी का पेन कार्ड, जी0एस0टी0, एवं रजिस्टेशन तथा 1000 हजार का स्टांप तीन दिनों के अंदर जमा करना सुनिश्चित करेंगें। जे0भी0 से संबंधित वांछित अभिलेख प्राप्त होने के पश्चात् ही एकरारनामा की कार्रवाई की जायेगी। एकरारनामा के पश्चात् पथ का बीमा कराना कराना सुनिश्चित करेगें ।

अतः आपको निर्देश दिया जाता है कि विभागीय निदेशानुसार आवंटित कार्य का स्वीकृतादेश के साथ एकरारनामा करने के लिए वांछित अग्रधन की राशि जमा करना सुनिश्चित करेगें।

विश्वासभाजन

28-4-25

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, दलसिंहसराय

28/4/25

## मुख्य अभियंता–6 दरभंगा का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग।

पत्रांक– 6श्8, / दिनांक– 26.4.2025

प्रेषक,

ईं0 किशोर कुमार
मुख्य अभियंता–6

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **दलसिंहसराय।**

विषय:- शीर्ष **MMGSUY** योजनान्तर्गत कार्य प्रमण्डल, **दलसिंहसराय** के अधीन **MMGSUY-RRSMP/24-25-Dalsinghsarai/03 (Tender ID-139452)** कार्य की निविदा की स्वीकृति के संबंध में।

महाशय,

विभागीय पत्रांक–मु0अ0(अ0उ0)4515–01–792 / 2025–1437 अनु0, दिनांक **23.04.2025** द्वारा संसूचित आदेश के अनुपालन में उपर्युक्त विषयक कार्य बिहार लोक निर्माण संहिता के कंडिका–163 के आलोक में इस कार्य को इसके योग्य सफल निविदाकार **Amit S B Engicon (JV) (BID ID-610730)** को उनके द्वारा निविदित दर, जो परिमाण विपत्र की दर से **0.00** (शून्य दशमलव शून्य शून्य प्रतिशत) कम है, को स्वीकृत करते हुए सम्पूर्ण कार्य कुल **45,77,65,193** /–(पैंतालीस करोड़ सतहत्तर लाख पैंसठ हजार एक सौ तीहत्तर) रुपये मात्र की लागत पर आपकी अनुशंसा एवं कार्यहित में आवंटित किया जाता है।

2. निविदा की स्वीकृति सिर्फ इसी कार्य के लिए है, जो भविष्य में पूर्वाधारण नहीं होगा।
3. संवेदक के द्वारा एकरारनामा के लिए जमा की गई राशि एवं निविदा के साथ जमा किये गये संबंधित एन0एस0सी0 / **Fixed Deposit** आदि का सत्यापन संबंधित डाकघर / बैंक से कराकर प्रमंडलीय कार्यालय में अभिलेखित किया जायेगा। कार्यपालक अभियंता, **कार्य प्रमंडल, दलसिंहसराय** कार्यादेश निर्गत करने के पूर्व अग्रधन की राशि के सत्यापन से संबंधित कागजात अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगें।
4. एकरारनामा के पूर्व निविदा सूचना के अनुसार सभी वांछित कागजातों की अद्यतन स्वच्छ एवं सत्यापित प्रति निश्चित रूप से प्राप्त कर लिया जायगा।
5. एकरारनामा से पूर्व कार्यपालक अभियंता यह सुनिश्चित कर लेंगे कि निविदाकार **डिबार सूची / काली सूची या कार्य लंबित सूची** में शामिल न हो।
6. कार्य में व्यवहृत सामग्रियों का दर प्राक्कलन में स्वीकृत लीड के आधार पर दिया गया है, कार्य कराते समय अगर इसमें कमी पाई जाती है तो उसके दर में सापेक्ष कमी कर दी जायेगी।
7. इस कार्य के संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्गत प्रशासनिक स्वीकृति एवं प्रावैधिक स्वीकृति तथा निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित शर्त्त एकरारनामा का भाग होगा, जिसे विशेष शर्त्त में जोड़कर संवेदक के साथ एकरारनामा किया जायेगा।
8. अनुमोदित किये गये तुलनात्मक विवरणी के प्रत्येक बिन्दु की जॉच अपने स्तर से स्वयं कर लेंगे एवं त्रुटि पाये जाने की स्थिति में वस्तुस्थिति से तत्क्षण अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे। त्रुटि के सुधारोपरान्त एकरारनामा की कार्रवाई की जायेगी।
9. एकरारनामा के समय प्रत्येक मद के भाषा की शुद्धता की जांच कार्यपालक अभियंता स्वयं कर लेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि इसमें कोई त्रुटि न हो।
10. कार्यारम्भ के पूर्व कार्यपालक अभियंता कार्य स्थल के निरीक्षणोपरान्त स्थल की स्थिति एवं प्राक्कलन में किये गये उपबंध से पूरी तरह आश्वस्त हो लेंगे एवं प्रशासनिक स्वीकृति तथा प्रावैधिक स्वीकृति के अग्रसारण प्रारूप में दिये गये निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे। पथ का नाम, परिमाण विपत्र की राशि, तकनीकी स्वीकृति की राशि, प्रशासनिक स्वीकृति की राशि, संवेदक द्वारा उद्धृत दर, परक्रमित दर, **Bid Capacity** आदि का मिलान कर ही कार्य आवंटन आदेश निर्गत करेंगे। **अधीक्षण अभियंता / कार्यपालक अभियंता** कार्य आवंटन / **LOA** निर्गत करने से पूर्व मिलान कर लेंगे कि परिमाण विपत्र की राशि प्रशासनिक अनुमोदन की राशि के अनुज्ञेय सीमा के अन्दर है। यदि अनुज्ञेय सीमा से अधिक हो तो एकरारनामा के पूर्व पुनरीक्षित प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाय।
11. कार्यादेश निर्गत करने से पहले संबंधित संवेदक से एकरारित अवधि के अन्दर कार्य समाप्त करने हेतु मासिक कार्य प्रोग्राम हस्ताक्षरित कराकर प्राप्त कर लेंगे जो की एकरारनामा का भाग होगा।

C:\Users\Ce6\Desktop\Work Order-26.04.25.Docx

12 अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता विशेष रूप से ध्यान देंगे कि कार्य मानक विशिष्टियों के अनुरूप निर्धारित कार्य अवधि के अंदर पूरा की जायेगी।

13. कार्य समाप्ति की अवधि निविदा आमंत्रण सूचना के अनुसार होगी।

14. इस कार्य का व्यय शीर्ष **MMGSUY** योजनान्तर्गत से मिलने वाले राशि अन्तर्गत उपबंधित राशि से विकलित होगा।

15. कार्य का प्रगति प्रतिवेदन प्रत्येक महीने की सातवीं तारीख तक निश्चित रूप से इस कार्यालय को समर्पित की जाय।

16. आप निविदा कागजातों एवं तुलनात्मक विवरणी के जांचोपरान्त आप आवश्यक निदेशों को अपने स्तर से निर्गत करेंगे।

17. एकरारनामा से पहले निविदाताओं द्वारा दिये गये कागजात का सत्यापन उनके मूल कागजात से मिलान कर लेगें। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य प्रमंडल, दलसिंहसराय** तुलनात्मक विवरणी की एक अभिप्रमाणित प्रति अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य अंचल, समस्तीपुर** को अभिलेख हेतु उपलब्ध करा देंगे। निदेश दिया जाता है कि संवेदक से कार्य प्रोग्राम प्राप्त कर लेंगे तथा उनका कार्यक्षमता कुशलता एवं पूर्व से आवंटित कार्यों की प्रगति से संतुष्ट हो लें।

18. इस निविदा की राशि में अगर कोई अंतर होता है तो इसकी सूचना तुरन्त इस कार्यालय को दी जाय।

19. कार्यपालक अभियंता, एकरारनामा करने के पूर्व संवेदक का निबंधन संख्या, पूर्ण पता एवं दूरभाष संख्या कार्यादेश में अंकित करेंगे तथा इस कार्यालय को सूचित करेंगे।

20. परिमाण विपत्र की दर से कम दर उद्धृत करने वाले संवेदक से विभाग द्वारा पूर्व में निर्गत दिशा निदेश के आलोक में अतिरिक्त वांछित परफॉरमेंस सिक्यूरिटी की राशि जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

21. किसी भी परिस्थिति में निजी जमीन पर नियमानुसार कार्रवाई किये बिना निर्माण कार्य नहीं कराया जाय।

22. प्रत्येक 15 दिनों पर संवेदक से स्वहस्ताक्षरित विपत्र प्राप्त कर स्थल से मिलान कर मापी पुस्तिका में मापी दर्ज कर भुगतान सुनिश्चित करेंगे।

23. एकरारनामा से पूर्व नियमानुसार Character Certificate and GST Clearance Certificate प्राप्त कर लेंगे। इसका प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करेंगें।

24. कार्य के कार्यान्वन में JV के सभी भागीदार की भागीदारी निविदा में दिये गये JV Agreement के अनुरूप होनी चाहिए। यदि इसमें किसी भी प्रकार का फेरबदल हेतु सक्षम प्राधिकार के अनुमति प्राप्त करेंगे।

25. निविदा में यंत्र–संयत्र एवं अभियंताओं के संबंध में दिये गए शपथ के अनुसार एकरारनामा करने से पहले इनके कागजात की जाँच कर लेंगे। कार्य स्थल पर यंत्र–संयत्र एवं अभियंता की तैनाती सुनिश्चित करायेंगे। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निरीक्षण के क्रम यदि यंत्र–संयत्र एवं अभियंता की तैनाती में कमी पायी जायेगी तो नियमानुसार संवेदक पर कार्रवाई सुनिश्चित किया जायेगा।

26. कार्यपालक अभियंता कार्यावंटन आदेश प्राप्त होते ही संवेदक को अविलंब **LOA (Letter of Acceptance)** निर्गत करेंगे एवं **CMBD** की **ITB** की कंडिका **33.2** में निहित प्रावधान के आलोक में 15 दिनों के अन्दर **Performance Security** प्राप्त करते हुए एकरारनामा की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित अवधि के अन्दर **Performance Security** जमा नहीं करने की स्थिति में **ITB** की कंडिका 34.2 के आलोक में कार्रवाई करते हुए अधीक्षण अभियंता के माध्यम से प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करेंगे। विशेष परिस्थिति में निर्धारित अवधि के पश्चात एकरारनामा करने हेतु **Proper Justification** के साथ प्रस्ताव उचित माध्यम से समर्पित करेंगे एवं अधोहस्ताक्षरी के अनुमति के उपरान्त ही एकरारनामा करेंगे।

27. विभागीय पत्रांक–मु0अ0(अ0उ0)4515–01–792/2025–1437 अनु0, दिनांक **23.04.2025** के आलोक में पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर **Letter of Acceptance (LOA)** संबंधित संवेदक को निर्गत करेंगे।

कृपया पत्र प्राप्ति की सूचना देंगे।

अनु0–यथा उपर्युक्त।

विश्वासभाजन

मुख्य अभियंता–6

ज्ञापांक– 654 /    दिनांक– 26.4.20/24

प्रतिलिपि–

45. अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, ब्राडा, पटना को सूचनार्थ समर्पित।
46. अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ समर्पित।
47. अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
48. सहायक आई0टी0 मैनेजर को सूचनार्थ एवं संबंधित अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता के ई–मेल आई0डी0 पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता–6

C:\Users\...\Desktop\Work Order-26.04.25.Docx

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– मु0अ0(अ0उ0)–4515–01–792/2025 1437 अ0 पटना, दिनांक– 23-04-2025

प्रेषक,

भगवत राम
अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव
ग्रामीण कार्य विभाग।
पटना, बिहार।

Peru 25/04/25

सेवा में,

गुख्य अभियंता–4, 5 एवं 6
ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार, पटना।

अधीक्षण अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य अंचल– मधेपुरा, पूर्णियाँ, किशनगंज, मधुबनी, सिवान, सितामढ़ी एवं समस्तीपुर।

विषयः– शीर्ष 4515 MMGSUY (RRSMP) अंतर्गत दिनांक 21.04.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही के संबंध मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषयांकित विभागीय समिति की बैठक की कार्यवाही संलग्न कर भेजते हुए निदेश दिया जाता है कि आवंटित कार्यो के त्वरित कार्यान्वयन हेतु सफल निविदाकारों को 24 घंटे के भीतर कार्यादेश निर्गत/उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

निदेश है कि जिन–जिन निविदाकारों को आपके द्वारा कार्यादेश निर्गत किया जा रहा है उस की एक प्रतिज्ञापन लगा कर मेल के द्वारा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

एकरारनामा की विवरणी MIS पर Upload कराना भी सुनिश्चित किया जाय। इस प्रगति से भी अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

निर्धारित समय सीमा में निर्दिष्ट कार्य का पूरा किया जाना अनिवार्य है।

अनु0:– यथोक्त।

विश्वासभाजन

23/04/2025

(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव
ग्रामीण कार्य विभाग।

Scanned with OKEN Sca

ज्ञापांकः– मु0अ0(अ0उ0)–4515–01–792/2025 1437 पटना, दिनांक– 23-04-2025

प्रतिलिपिः– संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0– यथोक्त

23/04/2025

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः– मु0अ0(अ0उ0)–4515–01–792/2025 1437 पटना, दिनांक– 23-04-2025

प्रतिलिपिः–E- Tendering Cell, ग्रामीण कार्य विभाग को अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0– यथोक्त

23/04/2025

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः– मु0अ0(अ0उ0)–4515–01–792/2025 1437 पटना, दिनांक–23-04-2025

प्रतिलिपिः–IT प्रबंधक, ग्रामीण कार्य विभाग को विभागीय MIS पर कार्य आवंटन Upload करने हेतु प्रेषित।

अनु0– यथोक्त

23/04/2025

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

**दिनांकः— २१ / 04 / 2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही**

उपस्थिति :—

(i) श्री दीपक कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग।

(ii) ई० भगवत राम, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव ग्रामीण कार्य विभाग।

(iii) ई० जय किशोर ठाकुर, मुख्य अभियंता–5 (मुजफ्फरपुर)।

(iv) ई० सुधीर कुमार, मुख्य अभियंता–4 (पूर्णियाँ)।

(v) ई० किशोर कुमार, मुख्य अभियंता–6 (दरभंगा)।

(vi) श्री आमीर नैय्यर, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग।

2. बैठक में 4515 (MMGSUY) योजना के अधीन ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम अन्तर्गत **E-tendering** के माध्यम से प्राप्त की गयी 37 निविदाओं के तकनीकी बीड पर अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में गठित तकनीकी बीड निविदा समिति द्वारा तकनीकी बीड में योग्य किये गये निविदाकारों के वित्तीय बीड के प्रस्ताव पर विचार हेतु निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिन पर सम्यक विचारोपरांत निम्नवत् निर्णय लिया गया :—

| SL. No | Division | Package No / Tender Id | Date of Tender Received | AA Amount (in lacs) | Total Bidders | No. of Tech. Qualified Bidders | Bidder's Name (JV) / Bid ID | Bid Amount (In lacs) | Quoted Rate (%) | Tender Award Amount (In Lacs) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | Madhepura | RRSMP/24-25 Madhepura/02 (Tender Id-139205) | 26.03.25 | 793.215 | 3 | 2 | KANCHAN KUMARI (BID ID -610375) | 698.45289 | (-) 0.11 | 697.68459 | न्यूनतम दर निविदाकार अतः स्वीकृत। |
| | | | | | | | Giri Raman Singh (BID ID -610789) | | 0.00 | | |
| 2 | Madhepura | RRSMP/24-25 Madhepura/04 (Tender Id-139207) | 26.03.25 | 3915.548 | 3 | 2 | DIWAKAR KUMAR (BID ID -610448) | 3372.55295 | (-) 0.15 | 3367.29563 | न्यूनतम दर निविदाकार अतः स्वीकृत। |
| | | | | | | | SHIV KRISHNA BUILDERS PVT. LTD. (BID ID -610085) | | 0.00 | | |
| 3 | Madhepura | RRSMP/24-25 Madhepura/05 (Tender Id-139208) | 26.03.25 | 3298.389 | 2 | 2 | SHIV KRISHNA BUILDERS PVT. LTD. (BID ID -609984) | 2873.56022 | (-) 0.25 | 2866.37632 | न्यूनतम दर निविदाकार अतः स्वीकृत। |
| | | | | | | | MS JAI MATA DI CONSTRUCTION (BID ID -610933) | | 0.00 | | |
| 4 | Madhepura | RRSMP/24-25 Madhepura/06 (Tender Id-139209) | 26.03.25 | 1519.380 | 4 | 3 | SANJAY KUMAR SINGH (BID ID -609577) | 1331.96529 | (-) 0.05 | 1331.29931 | न्यूनतम दर निविदाकार अतः स्वीकृत। |
| | | | | | | | ABHISHEK SINGH (BID ID -609512) | | 0.00 | | |
| | | | | | | | LALAN KUMAR (BID ID -609395) | | 0.00 | | |

| SL. No | Division | Package No / Tender Id | Date of Tender Received | AA Amount (In lacs) | Total Bidders | No. of Tech. Qualified Bidders | Bidder's Name (JV) / Bid ID | Bid Amount (In lacs) | Quoted Rate (%) | Tender Award Amount (In Lacs) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 15 | Siwan-2 | RRSMP/24-25 Siwan-2/06 (Tender Id-139509) | 26.03.25 | 2904.918 | 2 | 2 | RIPL-KC (JV) (Bid ID -610300) | 2795.56785 | (-) 0.09 | 2793.15119 | न्यूनतम दर निविदाकार द्वारा स्वीकृत। |
| | | | | | | | M/S Shaleen Construction (Bid ID -611284) | | (-) 0.09 | | |
| 16 | Siwan-2 | RRSMP/24-25 Siwan-2/01 (Tender Id-139147) | 25.03.25 | 2900.828 | 2 | 2 | Vijay Singh Dreambuild Private Limited & Safudeen Ahmad (JV) (Bid ID -609057) | 2471.97381 | (-) 0.52 | 2459.11956 | न्यूनतम दर निविदाकार द्वारा स्वीकृत। |
| | | | | | | | Deepura Infra Cons. Private Limited (Bid ID -609965) | | (-) 0.00 | | |
| 17 | Siwan-2 | RRSMP/24-25 Siwan-2/07 (Tender Id-139510) | 26.03.25 | 4500.630 | 2 | 2 | M/S Adarsh Construction (Bid ID -611600) | 4570.33119 | (-) 3.66 | 4403.05706 | न्यूनतम दर निविदाकार द्वारा स्वीकृत। |
| | | | | | | | MK Infrabuild Ventures India Private Limited (Bid ID -611117) | | (-) 0.69 | | |
| 18 | Siwan-2 | RRSMP/24-25 Siwan-2/03 (Tender Id-139506) | 26.03.25 | 3399.936 | 2 | 2 | Deepura Infra Cons. Private Limited (Bid ID -611283) | 2870.53545 | (-) 1.21 | 2835.80421 | न्यूनतम दर निविदाकार द्वारा स्वीकृत। |
| | | | | | | | Shivshankar Kaushik Infrastructure Private Limited (Bid ID -611302) | | (-) 0.09 | | |
| 19 | Siwan-2 | RRSMP/24-25 Siwan-2/04 (Tender Id-139507) | 26.03.25 | 3357.061 | 2 | 2 | Kumar Manash Construction Pvt. Ltd. (Bid ID -609682) | 3997.34197 | (-) 0.10 | 3993.34463 | न्यूनतम दर निविदाकार द्वारा स्वीकृत। |
| | | | | | | | Pawan & Tiwari Construction (JV) (Bid ID -610781) | | (+) 0.25 | | |
| 20 | Gopalganj-1 | RRSMP/24-25 Gopalganj-1/06 (Tender Id-139654) | 26.03.25 | 2945.079 | 2 | 2 | Bhagyoumni Ganpati Construction Joint Venture (Bid ID -610071) | 2456.06143 | (-) 0.02 | 2455.57021 | न्यूनतम दर निविदाकार द्वारा स्वीकृत। |
| | | | | | | | M/S Shakti Kumar (Bid ID -610120) | | (-) 0.00 | | |
| 21 | Gopalganj-1 | RRSMP/24-25 Gopalganj-1/05 (Tender Id-139653) | 26.03.25 | 5189.910 | 2 | 2 | M/S Pawan & Tiwari Construction Joint Venture (Bid ID -610379) | 4326.90983 | (-) 0.32 | 4313.06372 | न्यूनतम दर निविदाकार द्वारा स्वीकृत। |
| | | | | | | | M/S Shakti Kumar (Bid ID -610101) | | (-) 0.00 | | |
| 22 | Gopalganj-1 | RRSMP/24-25 Gopalganj-1/01 (Tender Id-139192) | 25.03.25 | 4702.510 | 3 | 2 | Shaileen Avanish Construction Joint Venture (Bid ID -610667) | 4038.25604 | (-) 0.02 | 4037.44839 | न्यूनतम दर निविदाकार द्वारा स्वीकृत। |
| | | | | | | | M/S Shakti Kumar (Bid ID -610103) | | (-) 0.00 | | |
| 23 | Gopalganj-1 | RRSMP/24-25 Gopalganj-1/04 (Tender Id-139195) | 25.03.25 | 2291.331 | 2 | 2 | Savitri Technocrates Pvt. Ltd (Bid ID -609551) | 1814.20519 | (-) 0.02 | 1813.84235 | न्यूनतम दर निविदाकार द्वारा स्वीकृत। |
| | | | | | | | Kumar Manash Construction Pvt Ltd (Bid ID -609679) | | (+) 0.25 | | |
| 24 | Gopalganj-2 | RRSMP/24-25 Gopalganj-2/01 (Tender Id-139197) | 25.03.25 | 4761.655 | 3 | 3 | M/S Shakti Kumar (Bid ID -610102) | 4031.38650 | (-) 0.05 | 4029.37056 | न्यूनतम दर निविदाकार द्वारा स्वीकृत। |
| | | | | | | | M/S Shaileen Avanish Construction Joint Venture (Bid ID -610708) | | (-) 0.00 | | |
| | | | | | | | B N Enterprises (Bid ID -610877) | | (-) 0.00 | | |
| 25 | Papri | RRSMP/24-25 Papri/01 (Tender Id-139485) | 26.03.25 | 1458.745 | 2 | 2 | Animesh Kumar Singh (Bid ID -609120) | 1158.73426 | (-) 0.01 | 1158.61839 | न्यूनतम दर निविदाकार द्वारा स्वीकृत। |
| | | | | | | | Shree Awadh Mithila Construction Pvt Ltd (Bid ID -6608911) | | (-) 0.00 | | |
| 26 | Papri | RRSMP/24-25 Papri/07 (Tender Id-139488) | 26.03.25 | 1803.222 | 3 | 3 | Sneha Singh (Bid ID -610255) | 1472.20491 | (-) 3.95 | 1414.05382 | न्यूनतम दर निविदाकार द्वारा स्वीकृत। |
| | | | | | | | Abhay Kumar Singh (Bid ID -610859) | | (-) 0.01 | | |
| | | | | | | | Ranvir Nirman Pvt Ltd (Bid ID -610301) | | (-) 0.00 | | |
| 27 | Dalsinghsarai | RRSMP/24-25 Dalsinghsarai/05 (Tender Id-139749) | 26.03.25 | 4526.25600 | 2 | 2 | Alam Enterprises & Brothers (Bid ID -611692) | 4521.70499 | (-) 4.16 | 4336.47726 | न्यूनतम दर निविदाकार द्वारा स्वीकृत। |
| | | | | | | | Bhagwati-KDO (JV) (Bid ID -611221) | | (-) 0.02 | | |

| SL. No | Division | Package No / Tender Id | Date of Tender Received | AA Amount (in lacs) | Total Bidders | No. of Tech. Qualified Bidders | Bidder's Name (JV) / Bid ID | Bid Amount (In lacs) | Quoted Rate (%) | Tender Award Amount (In Lacs) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 28 | Dalsinghsarai | RRSMP/24-25 Dalsinghsarai/03 (Tender Id-139452) | 26.03.25 | 4597.94200 | 2 | 2 | Amit S B Engicon (JV) (Bid ID -610730) | 4577.65173 | (-) 0.00 | 4577.65173 | न्यूनतम दर निविदाकार अतः स्वीकृत। |
| | | | | | | | Systematic and Advance Construction Pvt. Ltd. (Bid ID -610172) | | (+) 9.91 | | |
| 29 | Rosera | RRSMP/24-25 Rosera/02 (Tender Id-139595) | 25.03.25 | 4651.51952 | 2 | 2 | SSB-AIL (JV) (Bid ID -609793) | 4651.49525 | (-) 0.72 | 4618.00448 | न्यूनतम दर निविदाकार अतः स्वीकृत। |
| | | | | | | | Baibhaw Construction Pvt. Ltd. (Bid ID -609109) | | (-) 0.36 | | |
| 30 | Rosera | RRSMP/24-25 Rosera/01 (Tender Id-139894) | 25.03.25 | 2875.51300 | 3 | 2 | AEB-YRPL (JV) (Bid ID -609318) | 2509.89591 | (-) 0.27 | 2503.11919 | न्यूनतम दर निविदाकार अतः स्वीकृत। |
| | | | | | | | Baibhaw Construction Pvt. Ltd. (Bid ID -609138) | | (-) 0.21 | | |
| 31 | Samastipur | RRSMP/24-25 Samastipur/11 (Tender Id-139756) | 26.03.25 | 3170.25400 | 2 | 2 | M/S Bhagwati Construction (Bid ID -610139) | 3190.56802 | (-) 0.02 | 3189.92991 | न्यूनतम दर निविदाकार अतः स्वीकृत। |
| | | | | | | | Anjani Kumar (Bid ID -610117) | | (-) 0.00 | | |
| 32 | Samastipur | RRSMP/24-25 Samastipur/03 (Tender Id-139460) | 26.03.25 | 2309.68500 | 2 | 2 | Pratayaksha Yuvaan (JV) (Bid ID -610603) | 2404.47632 | (-) 0.52 | 2391.97305 | न्यूनतम दर निविदाकार अतः स्वीकृत। |
| | | | | | | | Anjani Kumar (Bid ID -610997) | | (-) 0.00 | | |
| 33 | Samastipur | RRSMP/24-25 Samastipur/07 (Tender Id-139752) | 26.03.25 | 4300.76700 | 2 | 2 | Alectra Construction Ltd. (Bid ID -609825) | 4532.69097 | (-) 0.56 | 4507.30790 | न्यूनतम दर निविदाकार अतः स्वीकृत। |
| | | | | | | | Baibhaw Construction Pvt. Ltd. (Bid ID -609826) | | (-) 0.27 | | |
| 34 | Samastipur | RRSMP/24-25 Samastipur/02 (Tender Id-139146) | 25.03.2025 | 2687.60600 | 2 | 2 | SSB-AIL (JV) (Bid ID -609118) | 2892.84736 | (-) 0.54 | 2877.22509 | न्यूनतम दर निविदाकार अतः स्वीकृत। |
| | | | | | | | Baibhaw Construction Pvt. Ltd. (Bid ID -609813) | | (-) 0.36 | | |
| 35 | Patori | RRSMP/24-25 Patori/03 (Tender Id-139456) | 26.03.2025 | 4784.23700 | 2 | 2 | Bhagwati-KDD (JV) (Bid ID -610205) | 4814.89036 | (-) 0.02 | 4813.92758 | न्यूनतम दर निविदाकार अतः स्वीकृत। |
| | | | | | | | Anjani-Maa (JV) (Bid ID -610220) | | (-) 0.00 | | |
| 36 | Patori | RRSMP/24-25 Patori/02 (Tender Id-139455) | 26.03.25 | 1579.53500 | 2 | 2 | Sharmanand Singh (Bid ID -611295) | 1516.55196 | (-) 0.86 | 1503.50961 | न्यूनतम दर निविदाकार अतः स्वीकृत। |
| | | | | | | | Ajay kumar (Bid ID -611766) | | (-) 0.00 | | |
| 37 | Samastipur | RRSMP/24-25 Samastipur/04 (Tender Id-139584) | 26.03.25 | 3297.34800 | 2 | 2 | Anjani Kumar (Bid ID -610113) | 3481.42071 | (-) 0.03 | 3480.37629 | न्यूनतम दर निविदाकार अतः स्वीकृत। |
| | | | | | | | M/S Bhagwati Construction (Bid ID -610137) | | 0.00 | | |

3. स्वीकृत निविदाओं के कार्य आवंटन आदेश निम्नांकित शर्तों पर निर्गत किए जाते हैं।

(i) इन योजनाओं पर सक्षम प्राधिकार द्वारा प्रशासनिक अनुमोदन तथा तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गयी है एवं परिमाण विपत्र अनुमोदित है।

(ii) वांछित अग्रधन की राशि CMBD के अनुरूप है।
पैकेज संख्या, पथ का नाम, परिमाण विपत्र की राशि, तकनीकी स्वीकृति की राशि, संवेदक द्वारा उद्धृत दर, परक्रमित दर, Bid Capacity आदि सही है।

(iii) संवेदक Defaulter/ निलंबित / काली सूची / कार्यों को लंबित रखने वाले संवेदकों की सूची में सम्मिलित नहीं है।

4. एकरारनामा के पूर्व संबंधित कार्यपालक अभियंता निर्धारित CMBD के अनुरूप संबंधित निविदा के साथ संवेदक द्वारा संलग्न किये गये अभिलेख एवं इसकी मूल प्रति से सत्यापित कर संतुष्ट हो लेंगे।

5. निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से कॉलम 3 में वर्णित पैकेज सं0 एवं कॉलम 8 में वर्णित निविदाकारो द्वारा कॉलम 10 में वर्णित दर पर कॉलम 11 में वर्णित राशि पर कार्य करने की स्वीकृति दी जाती है।

6. संबंधित अधीक्षण अभियंता एकरारनामा की सभी कंडिकाओं का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु नियमित अन्तराल पर कार्यों का भौतिक पर्यवेक्षण करेंगे।

7. निविदा निष्पादन के क्रम में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर मुख्यालय को सूचित किया जाए।

8. कार्य आवंटन आदेश में संवेदक का निबंधन संख्या, पूर्ण पता, Email ID एवं दूरभाष संख्या अवश्य अंकित किया जाए।

9. संबंधित कार्यपालक अभियंता यह सुनिश्चित करेंगे कि CMBD के ITB की कंडिका 17.2(c) के आलोक में Earnest Money एवं ITB की कंडिका 34.1 के आलोक Performance Security के रुप में समर्पित Bank Guarantee बिहार में अवस्थित राष्ट्रीय/अनुसूचित बैंकों द्वारा ही निर्गत हो तथा विहित अवधि के लिए मान्य हो, साथ ही संबंधित शाखा से सत्यापित किया गया हो।

10. अनुमोदित परिमाण विपत्र की दर से कम उद्धृत दर वाले निविदाकार के लिए Additional Performance Guarantee का प्रावधान पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना सं0–447 (एस) दिनांक 16.01.2020 एवं विभागीय पत्रांक–292 (अनु0), दिनांक 17.01.2020 के आलोक में एकरारनामा के पूर्व संबंधित कार्यपालक अभियंता अनिवार्यतः जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

21/4/25
(आमीर नैय्यर)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार
ग्रामीण कार्य विभाग

(किशोर कुमार)
मुख्य अभियंता–6 (दरभंगा)
ग्रामीण कार्य विभाग।

अवकाश पर
(सुधीर कुमार)
मुख्य अभियंता–4 (पूर्णियाँ)
ग्रामीण कार्य विभाग।

21.04.25
(जय किशोर ठाकुर)
मुख्य अभियंता–5 (मुजफ्फरपुर)
ग्रामीण कार्य विभाग।

(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव
ग्रामीण कार्य विभाग।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव
ग्रामीण कार्य विभाग।